संख्या–890(क)/71–1–2014–जी–345/2013

प्रेषक,

शिवराम त्रिपाठी,
उप सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक 19मई, 2014

विषयः– राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर में प्रवेश क्षमता 50 से 100 सीट हेतु एम0सी0आई0 मानक के अनुसार पदों के सृजन किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उर्पयुक्त विषयक आपके पत्र दिनांक 20.12.2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय मेडिकल कालेज, गोरखपुर में एम0सी0आई0 के मानकानुसार संलग्न तालिका–। में उल्लिखित कुल 35 अस्थायी पदों को उनके सम्मुख अंकित नियमित वेतनमान में सृजित करते हुए दिनॉक 28.02.2015 तक बशर्ते कि इससे पूर्व बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिया जाए, तक चलते रहने की महामहिम श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2– सृजित किये जा रहे नियमित पद के पदधारको को शासन द्वारा समय–समय पर अनुमन्य महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते आदि नियमानुसार देय होंगे।

3– तालिका–।। में अंकित पदों के सापेक्ष कार्य वाह्य सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से नियमानुसार अनुबन्ध कराते हुए कराया जाएगा।

4– उक्त के अतिरिक्त अन्य पदों पर नियुक्ति विभागीय नियमावली एवं समय–समय पर जारी शासनादेशों/नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की जाएगी।

5– उक्त पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या–31 के अधीन लेखा शीर्षक–2210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य–आयोजनागत–05–चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान–105–एलोपैथी–43–मेडिकल कालेज, गोरखपुर के वेतनादि सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

6– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–ई–3–1020/दस–2014, दिनांक 16 अप्रैल, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें है।

संलग्नक यथोपरि।

भवदीय,

(शिवराम त्रिपाठी)
उप सचिव

संख्या-2910(क)(1)/71–1–2014, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2 वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश लखनऊ ।
3. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
4. कोषाधिकारी, गोरखपुर।
5. वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, गोरखपुर।
6. नियोजन अनुभाग–4/नियोजन प्रकोष्ठ समाज कल्याण विभाग।
7. वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–3
8. चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2/संबंधित समीक्षा अधिकारी/ गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शिवराम त्रिपाठी)
उप सचिव